BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 23 जुलाई, 2025 **थाना जहांगीराबाद**

हत्या की घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 19.07.2025 को वासूदेव पुत्र सुम्मेरा सिंह निवासी ग्राम पिपेरा थाना जहांगीराबाद ने थाना जहांगीराबाद पर अपने पुत्र संजय उर्फ बिल्लू की गुमशुदगी पंजीकृत करायी थी। थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा संजय उर्फ बिल्लू की तलाश के दौरान उसका मोबाइल फोन ग्राम पिरपेरा के जंगल में एख खेत में मिला तथा दिनांक 20-07-2025 को संजय उपरोक्त शव गांव पिपेरा में एक मकान में गढ्ढें में दबा हुआ मिला था। इस सम्बन्ध में थाना जांहगीराबाद पर मुअसं-385/25 धारा 191(2), 103(1),238 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 23.07.2025 को थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को थाना शिकारपुर रोड पर चादौंक दोराहे से गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल 01 डंडा व शव को दबाने में प्रयुक्त 01 फावडा बरामद किया गया है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना जहांगीराबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- अमित वाल्मिकी पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम पिपेरा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 01 डंडा (आलाकत्ल)
2. 01 फावडा

हत्या का कारण- गिरफ्तार अभियुक्त अमित वाल्मिकी ने पूछताछ पर बताया गया कि वह जनपद गौतमबुद्धनगर में रहकर काम करता है तथा दिनांक 10.07.2025 को अपने गांव पिपेरा में अपने घर आया था उसके ऊपर मकान मालिक का काफी किराया बाकी होने के कारण उसने मकान में पड़ा सामान बेड, फोन, ईट आदि को बेच दिया था तथा इससे जो पैसे मिले थे उन पैसो को उसने व उसके दोस्त भूरा ने कई दिनों तक शराब पीने में उड़ा दिया। दिनांक 17-07-2025 को उसे वापस गौतमबुद्धनगर जाना था परन्तु बारिश होने के कारण वह नहीं जा सका उसी दिन शाम को उसका दोस्त भूरा ठाकुर पुत्र राजकुमार व मृतक संजय उर्फ बिल्लू उसके मकान पर आए और वे तीनों शराब पीने लगे शराब पीने के दौरान भूरा व मृतक संजय उर्फ बिल्लू में शराब मांगने को लेकर विवाद/मारपीट होने लगी, उसके द्वारा भूरा उपरोक्त का साथ देते हुए मृतक संजय उर्फ बिल्लू पर सब्जी काटने के चाकू से कई वार किये तथा फिर उसका गला दबा दिया। जब मर गया तो मकान में फावडे से गड्डा खोद कर मृतक संजय उर्फ बिल्लू के शव को दबा दिया तथा अगले दिन प्रातः भूरा उपरोक्त मृतक का मोबाइल व चप्पल को छिपाकर अपने घर चला गया तथा वह जनपद गौतमबुद्धनगर वापस चला गया।

गिरफ्तार करने वाली थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम-

1. श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक जहांगीराबाद
2. उ0नि0 नितिन कुमार, उ0नि0 श्री सौरभ कुमार,उ0नि0 अंकित कुमार
3. है0का0 कुर्बान चौहान, का0 सुखवेन्द्र सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर